0/2/26

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
## सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–257/2025 2392 /पटना, दिनांक– 20.2.26

दिनांक 04.07.2025 को अधोहस्ताक्षरी के अध्यक्षता में सम्पन्न तकनीकी बीड समिति की बैठक की कार्यवाही के अनुसार मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतू योजनान्तर्गत कार्य प्रमंडल, कार्य प्रमंडल, महनार के अधीन **Package No.- MGSY/ 24-25/Mahnar/04 (Tender Id-140729))** की दिनांक 09.05.2025 को प्राप्त निविदा में भाग लेने वाले निविदाकारो के तकनीकी बीड संबंधी कागजात की समीक्षा की गयी।

उक्त निविदा में संवेदक Arpit Engicon Private Limited, (Reg. No. 1240218) Add:- C/O Ram Babu Rai, At- Naya Tola Dighi Khurd, Anchal- Hajipur, Dist- Vaishali,, Hajipur, Bihar,- 844101 द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, अररिया से निर्गत पत्रांक 2851 दिनांक 10.11.2021 द्वारा Construction of RCC Bridge Over Main Road L.R.P to Majgama vaya Koseyargaon Path CH-4.50 Km Between Belba and Tappu Tola Village पुल निर्माण का कार्य अनुभव संलग्न किया गया है। OMMAS पर जॉचोपरान्त पाया गया कि उक्त कार्य अनुभव प्रमाण–पत्र में वर्णित कार्य संवेदक कृष्ण कन्स0 द्वारा पूर्ण कराया गया है। इससे स्पष्ट है कि उक्त निविदा में संवेदक द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण–पत्र जाली/फर्जी होने के कारण CMBD की कंडिका.– 4.4 A (C) &4.7 (i) के आलोक में इन्हें तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित करते हुए संवेदक Arpit Engicon Private Limited, (Reg. No. 1240218) के विरूद्ध बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के तहत कार्रवाई किये जाने की अनुशंसा की गयी।

उक्त अनुशंसा के आलोक में उक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 9567 अनु0 दिनांक 03.09.2025, पत्रांक 10248 दिनांक 24.09.2025 द्वारा उक्त कृत्य हेतु संवेदक Arpit Engicon Private Limited, (Reg. No. 1240218) से स्पष्टीकरण समर्पित करते हुए प्रतिवेदित किया गया कि संदर्भित निविदा में अपलोड अनुभव प्रमाण–पत्र कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, अररिया द्वारा ही निर्गत किया गया है। उक्त निविदा में समर्पित अनुभव प्रमाण–पत्र सही है साथ ही अनुभव प्रमाण–पत्र में छेड–छाड़ नहीं किया गया।

तदालोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, अररिया के पत्रांक 4109 अनु0 दिनांक 03.12.2025 द्वारा संवेदक **Arpit Engicon Private Limited, (Reg. No. 1240218)** के नाम निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र (पत्रांक 2851 दिनांक 10.11.2021) की छायाप्रति उपलब्ध कराया गया के आलोक में नोडल पदाधिकारी MGSY द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, अररिया के द्वारा सत्यापित प्रति **PMGSY Package No.-BR-01-247** की है, जबकि निविदा में संलग्न अनुभव प्रमाण–पत्र **PMGSY Package No.-BR-01-319** का है, जिसका सत्यापन **OMMAS** के वेब पोटल कर किया गया है। पूर्व में इसी सत्यापन के आधार पर संवेदक को निविदा में अयोय घोषित किया गया था।

वर्णित तथ्यों से स्पष्ट है कि संदर्भित निविदा में संवेदक द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण–पत्र जाली/फर्जी है।

अतएव वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार सरकार ग्रामीण कार्य विभाग की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 के कंडिका–11 (क) उप कंडिका–(ix) एवं (ख) (ii) में निहित प्रावधानों के आलोक में निविदाकार/संवेदक **Arpit Engicon Private Limited, (Reg. No. 1240218)** Add:- C/O Ram Babu Rai, At- Naya Tola Dighi Khurd, Anchal- Hajipur, Dist- Vaishali,, Hajipur, Bihar,- 844101 के निबंधन संख्याः– **1240218**, PAN No. AALCA9270G को अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (**Blacklist**) किया जाता है।

Sd/- 20.02.26
(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–257/2025 2392 /पटना, दिनांक–20.2.26

निबंधित

प्रतिलिपि– **Arpit Engicon Private Limited, (Reg. No. 1240218)** Add:- C/O Ram Babu Rai, At- Naya Tola Dighi Khurd, Anchal- Hajipur, Dist- Vaishali,, Hajipur, Bihar,- 844101 को सूचनार्थ प्रेषित।

Sd/- 20.02.26
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–257/2025 2392 /पटना, दिनांक– 20.2.26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/ सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता/सभी कार्यपालक अभियंता/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sd/- 20.02.26
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–257/2025 2392 /पटना, दिनांक–20.2.26

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

Sd/- 20.02.26
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–257/2025 2392 /पटना, दिनांक–20.2.26

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sd/- 20.02.26
अभियंता प्रमुख